Seventeenth Loksabha

an>

Title: Need to start a political dialogue amongst all stakeholders to solve the issue of Darjeeling.

श्री राजू बिष्ट (दार्जिलिंग): सर, मैं अपने क्षेत्र का एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय आपके सामने रखना चाहूंगा । आपसे मेरा निवेदन है कि मैं अपना विषय पूरा कर पाऊं, इसलिए अगर समय थोड़ा ज्यादा लगे तो जरूर दे दीजिए ।

महोदय, दार्जिलिंग हिल्स, तराई और डूअर्स क्षेत्र की जनता का एक सबसे बड़ा मुद्दा है – परमानेंट पोलिटिकल सोल्यूशन । हमारी पार्टी ने संकल्प पत्र में वादा किया है कि इस क्षेत्र के लोगों की लम्बित मांग का एक स्थायी राजनीतिक हल ढूंढ़ा जाएगा । राष्ट्रीय सुरक्षा के परिप्रेक्ष्य से भी इसका समाधान किया जाना अति आवश्यक है । इससे सीमा पार अवैध घुसपैठ को रोकने में सहायता मिलेगी और भारत के संवेदनशील 'चिकन नेक' क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था भी मजबूत होगी । हिल काउंसिल और जीटीए, जो वर्ष 2011 में बनी, उसका एक्सपेरिमेंट पूरी तरह से फेल हो चुका है और वह अवैध रूप से पहाड़ में काम कर रही है । एक स्थायी राजनीतिक समाधान से ही इस सीमावर्ती संवेदनशील क्षेत्र में बेहतर शासन व्यवस्था सुनिश्चित होगी तथा इस क्षेत्र में जो लोग रहते हैं, उनके भविष्य के बारे में अनिश्चितता की स्थिति समाप्त हो जाएगी ।

अत: मेरा आपके माध्यम से केन्द्रीय गृह मंत्री जी से अनुरोध है कि इस मुद्दे से संबंधित सभी स्टेकहोल्डर्स से जल्द से जल्द बातचीत शुरू की जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति: श्री नारणभाई काछड़िया और डॉ. किरिट पी. सोलंकी को श्री राजू बिष्ट द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है ।